


# भगवा मय हुआ शहर, जय श्री राम के लगे नारे

## हिंदु उत्सव समिति ने निकाली शांतिपूर्ण रूप से रैली, जगह– जगह हुए भंडारे,

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. शुक्रवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मदिन शहर में धूमधाम के साथ मनाया गया। रामनवमी उत्सव के लए पूरे शहर को भगवा पताकाओं से सजाया गया। शहर की विभिन्न सडक़ों पर झिलमिलाती रोशनी, तोरन और स्वागत द्वार इत्यादि की पूरी व्यवस्था हिंदु उत्सव समिति द्वारा की गई थी।**

भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा पदयात्रा का आयोजन शांति पूर्ण तरीके से किया गया बता दे कि विगत दिवस नागपुर रोड पर स्थित सिमरिया के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था जिसके चलते इस बार रामजन्म उत्सव शांति पूर्ण तरीके से मनाया गया। राम जन्म उत्सव पर शहर को भगवामय सजाया गया है हर गली, चौराहों व सड़कों पर तोरण, झंडे व लाइटिंग से सजाया गया है। पदयात्रा में बच्चें, महिलाएं, बूढे व जवान शामिल हुए। पदयात्रा श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर, चार फाटक से शहर के विभिन्ना मार्गो से होते हुए स्थानीय दशहरा मैदान पोलाग्राउंड पहुंची। पदयात्रा के दौरान सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के द्वारा पेय पदार्थ और स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई थी। महाआरती के पश्चात हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात ही रैली का समापन कर दिया गया। रैली में शामिल लोग भगवना टोपी, गमछा व टोपी पहने नजर आए। शहर की गलियों से होते हुए रैली शहर के प्रमुख चौराहों पर पहुंची थी जहां पर पहले से स्वागत की तैयारियां की गई थी। रैली के दौरान प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस अधिकारी मौजूद रहे जो लगातार रैली पर नजर रखे हुए थे। तय रुट पर पुलिस तैनात थी तथा लगातार रैली पर नजर रखे हुए थे।





### जगह– जगह भंडारे का हुआ आयोजन

रामनवमी में शहर भर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। समस्त श्रद्धलुओं के लिए छांछ पिलाने का आयोजन किया गया। कही साबुददाने की खिचडी, पुलाव, तो कही नमकीन, छाछ का वितरण भी किया गया। वही लोगों के लिए गर्मी को देखते हुए शीतलपेय जल की व्यवस्था की गई।

### राममंदिर में हुई भव्य आरती

शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार स्थित राम मंदिर में विशेष आरती की गई। इस दौरान स्थानीय लोग तथा हिंदू उत्सव समिति के सदस्य शामिल हुए। शहर के प्रमुख मंदिरों के सामने से रैली निकली इस दौरान विशेष पूजा अर्चना राम प्रतिमा की की गई। रैली में कई संगठनों ने हिस्सा लिया तथा वह अलग ही तरीके से इस रैली में शामिल हुए जो शोभा का केंद्र बने रहे। युवाओं के ग्रुप एक सी भगवा भेषभूषा में नजर आए तथा रैली का सिलसिला चलता रहा। समापन पर हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने सभी का आभार व्यक्त किया था।

### चाक चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

रामनवमी एवं नवरात्रि पर नवमी का पर्व एक साथ होने से पुलिस प्रशासन जगह जगह मुस्तैद नजर आया। शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन तैनात रहा। बता दे कि नवरात्र के प्रारंभ से ही छिंदवाड़ा पुलिस प्रशासन हर आयोजन में प्रतिदिन व्यवस्थाओं के साथ सहभागी रहा। धार्मिक आयोजन के पहले पुलिस थाने में संवेदनशील नगर शांति समिति की बैठक कर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा पहले से ही कर ली गई थी। उसी अनुरुप त्यौहारों को देखते हुए पुलिस ने अपनी भूमिका निभाई। शहर में शांति व्यवस्था को लेकर पुरी तरह सर्तक व मुस्तैद नजर आई।

# शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचे जिला कांग्रेस परिवार के सदस्यगण

## दिवंगत परिवार के सदस्यों को दी अनुग्रह राशि, कांग्रेस ने कहा 1-1 करोड़ सहायता राशि व शासकीय नौकरी दे सरकार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. उमरानाला चौकी क्षेत्र के ग्राम चिखली के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में असमय जान गंवाने वालों के परिजनों का दुख, दर्द बांटने के लिए जिला कांग्रेस परिवार के सदस्यगण शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचे।**

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार कांग्रेसजन प्रत्येक परिवार के दुख का हिस्सा बनें। शोक संतप्त परिवारजनों को संबल दिया और ढांढस बंधाया साथ ही पूर्णत: अश्वस्त भी कराया कि कांग्रेस उनके साथ हर-दुख, दर्द में हमेशा ही तरह आज भी खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। कांग्रेस ने कहा कि प्रत्येक दिवंगत परिवार के सदस्यों को 1-1 करोड़ सहायता राशि व शासकीय नौकरी दी जाए। दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही कांग्रेस परिवार के सदस्य जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज के लिए व्यवस्था बनाने में जुट गए। इलाज में लापरवाही व बद इंतजामों के खिलाफ प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा की ताकि सभी घायलों को समूचित इलाज प्राप्त हो सके। सभी घायलों के भर्ती होने व इलाज प्रारंभ होने के उपरांत कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्तागण अस्पताल से रवाना हुए।

### प्रत्येक शोकाकुल परिवार के बीच पहुंचा कांग्रेस परिवार

कमलनाथ एवं नकुलनाथ की मंशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, जामई विधायक सुनील उइके, चौरई विधायक सुजीत चौधरी, सौंसर विधायक विजय चौरे व पांढुर्ना विधायक निलेश उइके शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचे, अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए। मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम करेर निवासी 45 वर्षीय दिवंगत श्रीमती भागवती पति दानसिंग विश्वकर्मा, 45 वर्षीय श्रीमती सुकून पति लीकचंद यादव, श्रीमती सिया पति कृष्णा इनवाती 40, दौलत पिता फकीर फरकारे 40, रामदास पिता सुकलू पराने 40 सभी निवासी ग्राम करेर। मोहखेड़ ब्लॉक के ग्राम ग्वारी निवासी 57 वर्षीय रमेश पिता फागलाल उइके, ग्राम झिरिया निवासी रवि पिता इठोबा वानखेड़े, बिछुआ ब्लॉक के ग्राम झमटा निवासी 40 वर्षीय रवि पिता रतिराम धारे, अमरवाड़ा निवासी वर्तमान सोनपुर निवासी वंश पिता मोनू डेहरिया 7 वर्ष एवं कमल पिता संतलाल डेहरिया 54 वर्ष निवासी शिवनगर कॉलोनी पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पीछे छिन्दवाड़ा के निवास पर पहुंचे।.

### कांग्रेस परिवार ने दी अनुग्रह राशि

कांग्रेस परिवार के सदस्यों ने शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचकर ढांढस बंधाया। दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की साथ कमलनाथ एवं नकुलनाथ की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रत्येक दिवंगत परिवार को अनुग्रह राशि प्रदान की। कांग्रेस ने घायलों के परिवारजनों से भी भेंट कर उन्हें पूरी तरह आश्वस्त किया की इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही को कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। घायलों के इलाज में अगर लापरवाही बरती जाती है तो तत्काल कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता अथवा पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। कांग्रेस परिवार आप सभी के साथ खड़ी नजर आएगी।

# ग्राम पखड़िया में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ




**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. राष्ट्रीय सेवा योजना ( एनएसएस ) का सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर 23 मार्च से ग्राम पखड़िया में प्रारंभ हुआ। शिविर के प्रथम दिवस पर ध्वजारोहण के साथ शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को एनएसएस के उद्देश्यों, अनुशासन एवं शिविर की निर्धारित दिनचर्या की जानकारी दी गई।**

प्रतिदिन प्रभात रैली, योग-व्यायाम, परियोजना कार्य, बौद्धिक चर्चा, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। द्वितीय दिवस पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों में स्वच्छता, सहयोग एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की गई। जनसंपर्क गतिविधियों के अंतर्गत ग्रामवासियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल साक्षरता, नशा मुक्ति एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकालकर समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया, जिसका ग्रामीणों पर प्रभाव भी देखा गया। शिविर का संचालन दलनायक संकल्प विश्वकर्मा, दलनायिका श्रीमती भूमिका धुर्वे, उपशिविर नायक शिवम उईके एवं उपशिविर नायिका श्रीमती अंशिका सिंगारे द्वारा किया जा रहा है।

# जिला पंचायत सभाकक्ष में आपदा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## आपदाओं के समय क्या करें और क्या न करें विषय पर दिया गया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. आपदाओं के समय क्या करें और क्या न करें, इस संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिये आज जिला पंचायत सभाकक्ष में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार आयोजित हुआ।**



कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मेहरा, होमगार्ड कमांडेंट सुश्री स्नेहलता पाठ्या, सिविल डिफेंस के सब डिवीजन वार्डन एवं रिसोर्स पर्सन श्यामल राव, प्रोफेसर डी.डी. विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डब्ल्यूसीएल पेंच क्षेत्र के खदानों में रेस्क्यू कार्य में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों एवं कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारियों-कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट सुश्री पाठ्या ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए शासन स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन आपदा के समय समाज की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इसलिए आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। रिसोर्स पर्सन श्यामल राव ने आपदाओं के प्रकार एवं भूकंप से पूर्व तैयारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आपदा पूर्व योजना बनाकर समुदाय की सहभागिता से सूचना एवं प्रसारण दल, खोज एवं बचाव दल, चिकित्सा दल, राहत एवं नुकसान आंकलन दल तथा भोजन एवं आवास दल का गठन किया जाना चाहिए। साथ ही विद्यालयों और परिवारों में भी भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी देना आवश्यक है। प्रोफेसर डी.डी. विश्वकर्मा ने भूकंप आपदा जोखिम प्रबंधन, भूकंप जोन, भूगर्भीय गतिविधियों तथा जन-धन की हानि को कम करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

# कांग्रेस सादगी से मनाएगी हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम

## दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति कांग्रेस की सच्चा संबल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. संकट मोचन हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव का कार्यक्रम सादगी से मनाया जाएगा। विदित हो कि प्रतिवर्ष श्री हनुमान भक्त धर्मानुरागी कमलनाथ एवं नकुलनाथ की उपस्थिति में वीर हनुमान का जन्मोत्सव कार्यक्रम दिव्य व भव्य तरीके से मनाया जाता है।**

इस वर्ष भी आयोजन को भव्य मनाने की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी थीं, किन्तु गत दिवस हुए भीषण सड़क दुर्घटना के उपरांत कमलनाथ एवं नकुलनाथ व कांग्रेस परिवार ने निर्णय लिया है कि इस वर्ष संकट मोचन का जन्मोत्सव सादगी से मनाया जाएगा।

### 2 अप्रैल को छिंदवाड़ा आएगें नकुलनाथ



2 अप्रैल को जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ सड़क दुर्घटना के शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचेंगे साथ ही समस्त घायलों से भेंट करेंगे। श्री मारूती नंदन सेवा समिति श्री सिद्धेश्वर सिमरिया हनुमान मंदिर के तत्वावधान में विभिन्न आयोजन किए जाते थे। किन्तु गत दिवस हुई दुर्घटना में 10 परिवारों पर दुख का पहाड़ टूटा है। इन विषम व दुखद परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम सादगी से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा दी गई है।


पुण्यश्री पंचकर्म एवं वेलनेस
डॉ. संध्या साहू
बीएएमएस, नासिक (आयुर्वेदाचार्य)
• महिलाओं की समस्याएं • त्वचा रोग • मोटापा व जीवनशैली रोग • मानसिक व स्नायु रोग पाचन तंत्र संबंधी रोग • श्वसन तंत्र रोग • हड्डी एवं जोड़ों के रोग
वमन कर्म
विरेचन कर्म
बस्ती कर्म
एचडीएफसी बैंक के पास, परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र) | संपर्क करें :-9669555712


# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना : वाराणसी -अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए 30 मार्च को रवाना होगी ट्रेन

**छिंदवाड़ा.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से चयनित तीर्थ यात्रियों को वाराणसी -अयोध्या तीर्थ यात्रा पर भेजने के लिए 30 मार्च से 04 अप्रैल तक की समय-सारणी निर्धारित की गई है। योजना के तहत विशेष ट्रेन 30 मार्च सोमवार को प्रात: 09:30 बजे छिन्दवाड़ा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इसके लिए चयनित तीर्थ यात्रियों की सूची संबंधित जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को पूर्व में उपलब्ध कराई जा चुकी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी चयनित तीर्थ यात्रियों को 30 मार्च सोमवार को प्रात: 08:30 बजे तक रेलवे स्टेशन में उपस्थित कराना अनिवार्य होगा।

# प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हालचाल

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,27मार्च. जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों की स्थिति का जायजा लेने के लिए आज प्रात: पुन: जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर से बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**



प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने अस्पताल में भर्ती घायलों से चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि प्रभारी मंत्री राकेश सिंह दुर्घटना की सूचना मिलते ही गत रात्रि देर से ही जिला अस्पताल पहुंच गए थे और तभी से पूरे घटनाक्रम एवं घायलों के उपचार की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने पीड़ितों एवं उनके परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।


मानवता हॉस्पिटल
समर्पित सेवा भाव
मल्टीस्पेशिलिटी
डॉ. बबीता ठाकुर
एम.बी.बी.एस., एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग से संबंधित सारी सुविधाएं, नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन उचित दामों पर।
डॉ. आशुतोष सिन्हा
एमबीबीएस एफएमजी, एमडी फिजिशियन (कंसल्टेंट फिजिशियन)
उपलब्ध सुविधाएं :- आकस्मिक चिकित्सा, आई.सी.यू., क्रिटिकल केयर ऑपरेशन, लेप्रोस्कॉपी, एक्सरे, पैथोलॉजी लैब, ट्रामा और एक्सीडेंट केयर एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध।
24/7 EMERGENCY SERVICES
पता:-भुवनेश्वर टॉवर, परासिया नाका, छिंदवाड़ा (म.प्र)
संपर्क करें- 07162-359522, 7974426766

आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत नि:शुल्क
एन्जियोग्राफी एवं एन्जियोप्लास्टी
हार्ट अटैक व सभी हृदय रोगों के उपचार की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध।
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589